Rajasthan Foundation
Connecting Non-Resident Rajasthanis

01st March 2023

राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो 2023 के लिए कोलकाता में राजस्थान फाउंडेशन द्वारा रोड़ शो का हुआ भव्य आयोजन

जोधपुर में आगामी 20–22 मार्च को आयोजित होने वाले राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो 2023 की तैयारियों के मद्देनजर एक्सपो में प्रवासी राजस्थानियों और अंतर्राट्रीय खरीदारों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से राजस्थान फाउंडेशन द्वारा कोलकाता में रोड़ शो का होटल ताज बंगाल में आयोजन किया गया।

रोड़ शो का उद्देश्य कोलकाता में रहने वाले देश विदेश के प्रवासी राजस्थानियों के साथ संवाद करना था। रोड़ शो में प्रवासियों को एक्सपो से संबंधित हरसंभव जानकारी और सहयोग देने की बात की गई।

रोड़ शो में श्री राजीव अरोड़ा, चेयरमैन, राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल एवं राजसिको के साथ–साथ श्री धीरज श्रीवास्तव, आयुक्त राजस्थान फाउंडेशन, और श्री महेंद्र पारख, आयुक्त, उद्योग एवं वाणिज्य, राजस्थान सरकार सम्बोधित किया।

उल्लेखनीय है कि एक्सपो में विशेष रूप से राजस्थानी हस्तशिल्प, कृषि–खाद्य उत्पाद, स्टेनलेस स्टील के बर्तन, फर्नीचर एवं वस्त्र प्रोडक्टस का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि एक्सपो की सफलता काफी हद तक प्रख्यात प्रवासी राजस्थानी प्रवासियों के सहयोग पर निर्भर करेगी।

राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो के बारे में:

प्रदेश के हैण्डीक्राफ्ट, वुडन एवं आयरन फर्नीचर, स्टील के बर्तन, कृषि खाद्य उत्पाद, स्टोन आर्टिकल्स, इंजीनियरिंग गुड्स् क्षेत्र में निर्यात को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो का प्रथम संस्करण जोधापुर में 20 से 22 मार्च को बोरोनाड़ा स्थित ट्रेड फेसिलिटेशन सेन्टर में आयोजित किया जायेगा। एक्सपो में 20,000 वर्ग मीटर के एग्जीबिशन ऐरिया में 5 डोम लगाये जायेंगे जिनमें 300 से अधिक स्टोल्स होगी।

राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (आरईपीसी) के बारे में:

राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (आरईपीसी) राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की अधिसूचना के तहत गठित एक गैर–लाभकारी संगठन है। राजस्थान में उद्यमिता विकास, निर्यात बुनियादी ढांचे के विकास और निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र के विकास से लेकर विनिर्माण, सेवा और व्यापार क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।